**विद्यार्थियों ने जाना हथकरघा का इतिहास** | प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, क्रेडिट सिस्टम, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की जानकारी दी। साथ ही विक्रम सिंह द्वारा डिजिटल बैंकिंग के बारे में विद्यार्थियों को पी.पी.टी. के माध्यम से बताया। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने बताया कि महाविद्यालय में हथकरघा की एक यूनिट स्थापित की जाएगी। जिससे विद्यार्थी पारंपारिक लघु उद्योग से जुड़ें एवं अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर सकें। इस अवसर पर विभा निगम,डॉ. मलय वर्मा, डॉ. आभा रंजन, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. चित्रा राय आदि की उपस्थिति रही।